कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 04-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत श्री काल भैरव मंदिर में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

- **महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत सीपी ने महापौर संग श्री काल भैरव मंदिर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन व सुरक्षा हेतु की गयी व्यवस्था का किया निरीक्षण।**
- **भीड़ प्रबन्धन व श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के दृष्टिगत मंदिर के प्रवेश व निकास हेतु होंगे अलग-अलग रास्ते।**
- **श्रद्धालुओं/पर्यटकों के सहयोग व मार्गदर्शन हेतु खोली गई है पर्यटक पुलिस चौकी।**

आज दिनांक 04.01.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत महापौर वाराणसी श्री अशोक तिवारी संग श्री काल भैरव मंदिर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन व सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री काल भैरव मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास हेतु अलग-अलग मार्ग बनाये जाने, आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग किये जाने व मार्ग में स्थित दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण न किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता बरतने व सुदृढ़ यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस0 चन्नप्पा, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री सरवणन टी., अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली श्रीमती प्रज्ञा पाठक, सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध श्री धनन्जय मिश्र सहित सम्बन्धित थाना प्रभारी मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।